पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी

2 को मंत्री एवं 2 को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद की शपथ दिलायी

श्री मनोज कुमार पाण्डेय को मंत्रिमण्डल की सदस्यता से पदमुक्त किया

लखनऊः 27 जून, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में आयोजित समारोह में श्री बलराम यादव एवं श्री नारद राय को मंत्री पद तथा श्री रविदास मेहरोत्रा एवं श्री शारदा प्रताप शुक्ला को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद की शपथ दिलाई।

श्री जियाउद्दीन रिजवी को मंत्री पद की शपथ लेनी थी परन्तु उमरा पर जाने के कारण वे शपथ नहीं ले सके। इससे पूर्व राज्यपाल श्री राम नाईक ने मुख्यमंत्री की संस्तुति पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री मनोज कुमार पाण्डेय को उत्तर प्रदेश मंत्रिमण्डल की सदस्यता से पदमुक्त कर दिया।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विधान सभा अध्यक्ष श्री माता प्रसाद पाण्डेय, मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी श्री मुलायम सिंह यादव, राज्यसभा सदस्य एवं महासचिव समाजवादी पार्टी प्रो0 रामगोपाल यादव, राज्यसभा सदस्य श्री अमर सिंह, मंत्री श्री अहमद हसन, श्री राजेन्द्र चैधरी, श्री गायत्री प्रसाद प्रजापति, श्री रघुराज प्रताप सिंह, श्री अभिषेक मिश्रा, श्री अरविन्द सिंह गोप, श्रीमती सैय्यदा शादाब फातिमा, श्री राम गोविन्द चौधरी, श्री महबूब अली सहित अन्य मंत्री, पुलिस महानिदेशक श्री जावीद अहमद, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्रीमती अनीता सिंह, प्रमुख सचिव सूचना नवनीत सहगल, सचिव श्री राज्यपाल श्री चन्द्रप्रकाश सहित वरिष्ठ प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन ने किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (225/28)

लाइट हाउस

लाइट हाउस

लाइट हाउस
LIGHT HOUSE

लाइट हाउस
LIGHT HOUSE